हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 बैतूल में कानून व्यवस्था हुई लचर !



08 टेल क्षेत्र के किसानों को सिंचाई का पर्याप्त...



## खबर संक्षेप

### मोनू यादव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने



**माखननगर।** माखन नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत पाण्डे नर्मदापुरम जिले के ब्लॉक और नगर कांग्रेस अध्यक्षों की सूची जारी की है। हेमंत मोनू यादव गूजरवाडा को माखन नगर ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### भाजपा का एसआईआर विस सम्मेलन आज

**सोहागपुर।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हो चुका है। अब उक्त संबंध में विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर में भाजपा का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पार्टी के सभी बूथ अध्यक्ष, महामंत्री, बीएलए, शक्ति केंद्र टीम, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, पार्टी के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व महिला मोर्चा की नेत्रियां उपस्थित रहेंगी। सम्मेलन 19 दिसंबर को दोपहर दो बजे से देनवा गार्डन सोहागपुर में होगा। कार्यक्रम में भाजपा के अनेक नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## अब तक कुल 7484 किसानों से 86370 एमटी धान का किया गया उपार्जन

# मिलर्स के साथ बैठक कर उपार्जित धान का उठाव सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन सतत रूप से किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में स्थापित 70 धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा सभी केंद्रों पर उपार्जन हेतु समस्त अवश्य सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए धान उपार्जन का कार्य निरंतर गति से करवाया जा रहा है। साथ ही कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, जिला एवं खंड स्तरीय उपार्जन समिति के अधिकारियों द्वारा सतत रूप से भ्रमण कर सुचारू उपार्जन प्रक्रिया को सुनिश्चित किया जा रहा है। गत वर्ष की तुलना में जिले में 7 हजार हेक्टेयर से अधिक बढ़ा धान का रकबा, उपार्जन हेतु 91 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे का हुआ पंजीयन खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत नर्मदापुरम जिले में गत वर्ष की तुलना में लगभग 7700 हेक्टेयर से अधिक धान का रकबा बढ़ा है।

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन सतत रूप से किया जा रहा है।



**सरकारी आंकड़े**

उपार्जन हेतु 91 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे का हुआ पंजीयन, गत वर्ष की तुलना में 31 हजार हेक्टेयर से अधिक बढ़ा पंजीयन हेतु रकबा

### अब तक 125 करोड़ रुपए के ईपीओ हुए जारी

उपार्जित स्कंद के के लिए इस वर्ष कुल भुगतान योग्य राशि 204.6 करोड़ के विरुद्ध 125.4 करोड़ राशि के ईपीओ जारी किए जा चुके हैं। मिलर्स के साथ भी बैठक कर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिन वेयरहाउस में धान का भंडारण पूरा किया जा चुका है उन सभी वेयरहाउस से धान का निरंतर परिवहन भी सुचारू किया गया है।

### 83 प्रतिशत उपार्जित स्कंद का परिवहन

जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपार्जन वर्ष 2025-26 में 21925 किसानों ने स्लॉट बुकिंग की है। जो कि धान उपार्जन वर्ष 2024-25 में 15961 थी। उन्होंने जानकरी दी है कि अब तक 7484 किसानों से 86370 एमटी धान का उपार्जन किया जा चुका है। गत उपार्जन वर्ष 2024-25 की अवधि में कुल 13642 किसानों ने 166265 एमटी धान का विक्रय समर्थन मूल्य पर किया था। वर्तमान में 70345 एमटी धान का सफल परिवहन किया गया है जो कि कुल उपार्जित धान का 83.45 प्रतिशत है। वर्तमान में लगभग 2076 एमटी धान आर टू टी के लिए शेष है। कुल उपार्जन मात्रा के विरुद्ध अब तक 60638 एमटी के स्वीकृति पत्रक जारी किए जा चुके है। जिले में धान उपार्जन के पंजीयन हेतु बनाए गए 30 केंद्रों से 2025-26 के लिए 32388 किसानों द्वारा पंजीयन किया गया है, जबकि गत वर्ष यह संख्या 21335 थी। किसानों द्वारा धान उपार्जन वर्ष 2025-26 के लिए कुल 91693.89 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया है जो कि गत वर्ष की तुलना में 31294 हेक्टेयर अधिक है।

### समस्याओं का समाधान करते हुए धान के सुचारू उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

उक्त संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना ने निर्देश दिए हैं कि मिलर्स के साथ समन्वय कर उपार्जित धान का समयबद्ध उठाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मिलर्स के साथ अनुबंध नहीं हो पाए हैं, उन कारणों से उत्पन्न समस्याओं का शीघ्र समाधान करते हुए धान के सुचारू उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## चेक बाउंस मामले में छह माह के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोहागपुर


न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तेजदीप सिंह सासन की अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में संबंधित आरोपी को छह माह के साधारण कारावास एवं ढाई लाख रुपए के दंडादेश की सजा सुनाई है। मामला भारतीय स्टेट बैंक शाखा शोभापुर से जुड़ा हुआ है।

संबंधित बैंक की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं संजय तिवारी मातापुरा, शिरीष तिवारी एवं भरत तिवारी ने बताया कि मामले में शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक पुलकित वर्मा पुत्र अशोक कुमार वर्मा परिवादी के रूप में प्रस्तुत हुए थे। जिन्होंने अभियुक्त मोनू मेहरा पुत्र श्री कृष्ण मेहरा उम्र करीब 34 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 13 ग्राम बोदी तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम् के विरुद्ध अगस्त 2024 में परिवाद प्रस्तुत किया था। परिवाद के अनुसार आरोपी के परिवार का शाखा में एक टीएल खाता है, जो आरोपी ने व्यवसाय के लिए खोल रखा है। आरोपी ने खाते पर ऋण ले रखा था। जिसकी राशि जमा करने की मांग परिवादी द्वारा की गई। ऋण राशि की मांग किए जाने पर दिनांक तीन जुलाई 2024 को आरोपी बैंक आए तथा अदा की जाने वाली राशि का हिसाब बनवाया। जिसके अनुसार आरोपी को 2,50,000 रुपए अदा करना था। जिसके लिए आरोपी ने परवादी अर्थात प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक को ढाई लाख रुपए का चेक तीन जुलाई 2024 को प्रदान किया तथा आश्वासन दिया कि उक्त चेक खाते में जमा कर भुगतान प्राप्त कर लिया जाए। परिवादी ने चेक दिनांक तीन जुलाई 2024 को लोन के खाते में जमा किया, किंतु खाते में अपर्याप्त राशि के कारण चेक अनादरित हो गया तथा परिवादी को राशि का भुगतान नहीं हो सका। इसके बाद आरोपी द्वारा दिए गए चेक के अनादरित होने का सूचना पत्र परिवादी ने डाक द्वारा आरोपी को दिनांक आठ जुलाई 2024 को अधिवक्ता के माध्यम से प्रेषित किया। लेकिन पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर आरोपी द्वारा चेक में वर्णित राशि परिवादी को प्रदान नहीं की गई। जिसके बाद परिवाद प्रस्तुत किया गया था।

अधिवक्ता संजय तिवारी मातापुरा वार्ड ने बताया करें परिवाद उपरांत अभियुक्त परीक्षण के दौरान अभियुक्त ने व्यक्त किया कि उसके द्वारा अदा की जाने वाली राशि रू 200000 है। और उसके द्वारा राशि ढाई लाख रुपए का चेक परिवादी को 3 जुलाई 2024 को दिया गया है। जबकि परिवादी ने बताया कि खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने न्यायालय में परीक्षण दौरान आरोपी द्वारा बचाव में कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये जा सके।

## 'क्रिएटर ऑफ द ईयर' के सम्मान से संजय सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्मदापुरम



बिजली विभाग में कार्यरत संजय लोधी को से मिले सम्मान के आधार पर 'क्रिएटर ऑफ द ईयर' सम्मान का नॉमिनेशन से नवाजा गया। संजय लोधी को उनके असाधारण कार्य और रचनात्मक योगदान के लिए सम्मानित किए जाने के बाद प्रतिष्ठित 'क्रिएटर ऑफ द ईयर' सम्मान हेतु कई शहरों से नामांकित किया गया है संजय जटिल और मुश्किल कार्यों को वह इतने प्रभावी और रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं कि उनके वीडियो और कार्यशैली लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बन गई है। उन्होंने विभाग के काम को 'बोरिंग' से 'ब्लॉकबस्टर' बना दिया है। यह सम्मान** इस बात का प्रमाण है कि ईमानदारी, रचनात्मकता और अपने काम के प्रति जुनून आपको राज्य से लेकर राष्ट्रीय पहचान तक दिला सकता है।

## युवा अनुज की मृत्यु उपरांत बड़े भाई ने लिया देहदान का संकल्प, करेंगे अंगों का दान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोहागपुर

समाजसेवी साहू परिवार के युवा सदस्य कुलदीप साहू पुत्र यशवंत साहू का गत दिनों सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया था। मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सनफ्लावर स्कूल सोहागपुर में किया गया। जिसमें दिवंगत 35 वर्षीय कुलदीप के बड़े भाई ने देहदान की घोषणा की है। साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, आमजन, सामाजिक बंधु तथा साहू परिवार के परिजन उपस्थित हुए। सभा दौरान स्वर्गीय कुलदीप साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने उन्हें एक अच्छा चिंतक तथा शहर के हित में कार्य करने वाला युवा नागरिक बताया। वक्ताओं ने कहा कि शहर ने एक अच्छा भावी नागरिक खो दिया है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों पिपरिया के समीप एक



सड़क दुर्घटना में कुलदीप सखहू का देहांत हो गया था। स्वर्गीय कुलदीप साहू के बड़े भाई दीपक साहू ने दिवंगत अनुज के पुण्य स्मरण में देहदान का संकल्प लिया। 41 वर्षीय दीपक साहू ने अनुज स्वर्गीय कुलदीप साहू की श्रद्धांजलि सभा में इस बात की घोषणा की है। उन्होंने घोषणा की है कि मरणोपरांत उनकी देह को दान प्रदान करेंगे, जिसका उपयोग उनके मृत्यु उपरांत कुछ लोगों के जीवन बचाने में हो सकता है। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए।

## सट्टे के कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लगभग सभी शहर में सट्टा खिलाने का कारोबार चल रहा है। जिसमें इतवारा बाजार में शराब बेचने की शिकायत हुआ करती थी। आए दिन आबकारी विभाग ने पुलिस ने लगातार शराब बेचने बनाने वाली सामग्री जप्त किया गया है। इतवारा बाजार पचमढ़ी रोड अंबेडकर बारड में कुचबंदिया मुहल्ले में तो यह लंबे समय से चलता आ रहा है।

अभी कुछ समय से सट्टा पर्ची लिखकर खिलाने का कारोबार भी यहां पर भी चल रहा है। पचमढ़ी रोड पर स्थित पटेल मार्केट में सट्टा खिलाने की चर्चा थी। लेकिन अब पुलिस प्रशासन एवं पटेल मार्केट के संचालक सालकरामपटेल मनोहर पटेल पनारी ने ऐसे लोगों पर प्रतिबंध लगाने का कार्य किया है। श्री राम भोजनालय के संचालक ओमप्रकाश मालवीय ने राजा रघुवंशी ने बताया कि यहां पर लगभग 50से अधिक दुकान है। सभी लोग शामिल हुए हैं छोटे छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े व्यापारी वर्ग भी इस मार्केट में है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला शव शिनाख्त जारी

**सोहागपुर।** बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात करीब तीन बजे गुरमखेड़ी तथा सोहागपुर रेलवे स्टेशन के मध्य एक इंसानी शव मिला है। सोहागपुर पुलिस थाने के अधिकारियों के अनुसार बांसखापा रेलवे के समीप स्थित डाउन ट्रैक के रेलवे फाटक पर किलोमीटर 790/24 से 790/26 के मध्य एक अज्ञात पुरुष का शव मिला है, तथा मृतक की आयु लगभग 40 वर्ष है। ट्रेन दुर्घटना के कारण मृत्यु हुई प्रतीत हो रही है। लेकिन गुरुवार शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस एएसआई गणेश राय द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार मृतक के हाथ में करन कीर लिखा हुआ है एवं महाकाल का टैटू बना हुआ है। शव को शासकीय अस्पताल सोहागपुर के मरचुरी रूम में रखा गया है।

## गुरुदेव शिक्षा व समाज सेवा समिति ने किया सेक्टर बैठक का आयोजन, ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ माखननगर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद माखननगर( नर्मदापुरम) की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति ने सेक्टर 04 के ग्राम मानागांव में प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया जिसमें मार्गदर्शन के लिए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल विकासखंड समन्वयक माखननगर नरेंद्र देशमुख सहित 05 प्रस्फुटन समितियों के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में जल संचय अभियान, दस्तावेजीकरण, नर्सरी निर्माण, संस्कार केंद्र, जन सूचना केंद्र खोलने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।सभी का आभार नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव ने व्यक्त किया। इस दौरान पवन सहगल जिला समन्वयक नर्मदापुरम, नरेन्द्र देशमुख विकासखंड माखननगर, मनीष चतुर्वेदी ,नीतिराज सिंह यादव (नवांकुर संस्था प्रमुख), सुरेश यादव परामर्शदाता,गेंदालाल यादव, शुभम गोस्वामी, शुभम यादव,नीतेश यादव, जितेंद्र पाल, पूनमचंद अहिरवार,तारेश परसाईं, राकेश यादव,सतीश यादव, रुपेश यादव, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, हरिनारायण यादव,महेश, गणेश, संजू, सूरज, सूबेदार यादव तथा नवांकुर संस्था सदस्य एवं गूजरवाड़ा,कोटगांव, मानागांव, खामदा, रोरीघाट, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव तथा सदस्य उपस्थित रहे।

## निमसाड़िया में हुई खाटू श्याम भजन संध्या, थिरक उठे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्मदापुरम



शहर के समीपस्थ ग्राम निमसाड़िया स्थित वॉलीबॉल ग्राउंड पर देर रात भव्य खाटू श्याम भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें गुंजन, गुनगुन तिवारी शाहगंज , विपिन चौबे भोपाल एवं कार्तिक जैन इंदौर की म्यूजिकल टीम ने कार्यक्रम में अपने भजनों से समा बांधा । भजन सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर क्षेत्र के जन प्रतिनिधि गण, ग्राम के वरिष्ठ जन एवं हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम ग्राम वासियों के सहयोग वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भजनों का लुत्फ उठाया।

## सोहागपुर के विकास को लेकर वरिष्ठजनों ने की बैठक, सांसद व विधायक से करेंगे भेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोहागपुर

नगर विकास को लेकर नागरिक संघर्ष समिति की अनौपचारिक बैठक गत दिवस की गई है। बैठक में नगर विकास व समस्याओं के निराकरण को लेकर अनौपचारिक चर्चा हुई है। जल्द ही समिति का प्रतिनिधिमंडल सांसद व विधायक से भेंट करेगा। नागरिक संघर्ष समिति संयोजक शिवकुमार पटेल ने कहा कि 20 दिसंबर को हमारा प्रतिनिधि मंडल सांसद दर्शनसिंह चौधरी से भेंट करेगा तथा उनसे सोहागपुर को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' में शामिल करने व रेलवे समस्याओं का शीघ्र निराकरण का आग्रह करेगा। इसके अलावा विधायक विजयपाल सिंह के साथ बैठक करके नगर विकास की चर्चा की जाएगी। पटेल ने कहा कि समिति पूर्व में विधायक विजयपाल सिंह के नेतृत्व में सांसद को रेलवे की समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंप चुकी है। तब माननीय विधायक ने कहा था कि क्षेत्रीय विकास को लेकर हमको दलगत राजनीति से परे हो बैठक करना चाहिए। अतः अब सार्वजनिक रूप से विकास की चर्चा को लेकर समस्त नगरवासी विधायक के साथ बैठेक करेंगे। गत दिवस हुई संघर्ष समिति की बैठक में प्रमुख रूप से समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह, अधिवक्ता जयप्रकाश माहेश्वरी, सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, नागरिक संघर्ष समिति संयोजक शिवकुमार पटेल आदि उपस्थित रहे।

### ये होंगी प्रमुख मांगें

पटेल के अनुसार क्षेत्र व नगर विकास की प्रमुख मांगों में सोहागपुर को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कराना, एसडीओपी कार्यालय को स्थानांतरित कर रानी लक्ष्मीबाई मंच का पुनर्निर्माण, मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर परिसर का विस्तार, गांधी चौक के मंच का पुनर्निर्माण करना, नगर में वृद्धा आश्रम निर्माण, नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिये रात्रि विश्राम स्थल निर्माण आदि शामिल हैं।

## हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था के लिए फर्नीचर दिए दान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ माखननगर

माखन नगर गुरुवार को क्रेडिटैक्सेस ग्रामीण कंपनी ने जनपद पंचायत माखन नगर में हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था हेतु फर्नीचर प्रदान किया जनपद पंचायतके मुख्य कार्यपालन अधिकारी रंजीत ताराम 3 सीटर 8 बेंच 18 कुर्सी सौंपी।

एवं जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों के साथ पौधारोपण किया इस अवसर पर जनपद पंचायत के पंचायत अधिकारी एच के बरेले लिपिक घनश्याम मीणा सोशल ऑडिट ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुनील चौहान ब्लॉक प्रबंधक बसंती गढ़वाल एवं जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## फ्रेंड्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज, 21 तक होगा आयोजन

# पहले दिन खेले पांच मैच, महाकाल चोराहिट और फिट एंड फाइन मयूर के बीच खेला गया अंतिम मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्मदापुरम




शहर के एसएनजी ग्राउंड में मंगलवार को फ्रेंड्स कप 2025 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद हजारों की संख्या में खेल प्रेमी मैदान पर पहुंचे और रोमांचक मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया। उद्घाटन अवसर पर क्रिकेट मैचों के साथ म्यूजिकल इवेंट्स और अवॉर्ड समारोह का आयोजन भी किया गया, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

डे-नाइट टूर्नामेंट के दौरान मैदान में जबरदस्त उत्साह और जोश देखने को मिला। खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन का परिचय देते हुए मुकाबलों को रोमांचक बनाया, वहीं दर्शकों ने तालियों और जयघोष के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले ही दिन नर्मदापुरम के खेल प्रेमियों में टूर्नामेंट को लेकर खासा उत्साह नजर आया।

आयोजक समिति ने बताया कि फ्रेंड्स क्लब खेल, खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए हमेशा कुछ नया और अनूठा करने का प्रयास करता रहा है। इस बार महिलाओं एवं परिवारों के लिए अलग से बॉक्स बनाकर बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है, जो इस आयोजन को अन्य टूर्नामेंट्स से अलग पहचान देती है। प्रतियोगिता का उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना तथा लोकल और ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करना है।

### रोमांचक पांच मुकाबले

शुभारंभ के दिन कुल पाँच मैच खेले गए। पहला मुकाबला फिट एंड फ़ाइन मयूर और महाकाल चोराहिट के बीच खेला गया, जिसमें मयूर विजेता रही। दूसरा मैच खिड़किया और शानवी एंटरप्राइजेस के बीच हुआ, जिसमें शानवी विजेता रही। तीसरा मुकाबला महाकाल चोराहिट और खिड़किया के बीच खेला गया, जिसमें महाकाल ने जीत दर्ज की। चौथे मैच में फिट एंड फ़ाइन मयूर और शानवी आमने-सामने हुए, जिसमें शानवी विजेता रही। अंतिम मुकाबला महाकाल चोराहिट और फिट एंड फ़ाइन मयूर के बीच खेला गया, जिसमें मयूर ने जीत हासिल की। पाँचों मुकाबलों के बाद फिट एंड फ़ाइन मयूर और शानवी एंटरप्राइजेस की टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं।

### बेटी के जन्म पर मनाया उत्सव, निकाली शोभायात्रा



**सेमरी हरचंद।** नजदीकी ग्राम झालौन की सरपंच माया बाई सत्यनारायण पटेल केशव पुत्र रविकांत एवं वधू शिखा को कन्या रत्न प्राप्ति के अवसर पर परिवार में उत्सव का माहौल बन गया बेटी के आगमन पर नगर के पीपल चौक से ग्राम झालौन तक बैंड बाजे के साथ आतिशबाजी चलाते हुए शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे घर पहुंच कर नवजात कन्या का पूजन कर कर घर में प्रवेश दिलाया गया।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

### भूमि पूजन के साथ हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों शुरू

**बैतूल।** बैतूल के बस्ती (सदर) ने हिन्दू सम्मेलन की तैयारी गुरूवार को भूमि पूजन के साथ की। हिन्दू समिति के संयोजक सतीश बड़ोनिया ने बताया 8 जनवरी सदर संजीवनी अस्पताल के सामने मैदान में आयोजित किए जाने वाले हिन्दु सम्मलेन की तैयारियों को लेकर विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर इसमें हिन्दू समिति के संयोजक सतीश बड़ोनया, सह संयोजक विष्णु सरवैया, रविन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष रामराव महाले, मातृशक्ति संयोजिका प्रमिला सिमैय्या, गायत्री परिवार से उत्तम गायकवाड़, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, सिद्धलता महाले, सहित सभी समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### जेएच कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव 22 दिसंबर को

**बैतूल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा 22 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक कक्ष क्र.- 55, वाणिज्य भवन में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में आईपीसीए लेबोरेटरीज एलटीडी द्वारा सत्र 2023 से 2025 के बीए/बीएससी/बीकॉम उत्तीर्ण विद्यार्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। उन्होंने समस्त पात्र विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ड्राइव में समय पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

### युवा संगम के तहत रोजगार मेला 24 को

**बैतूल।** मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 24 दिसंबर को युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय डॉ.भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय आमला में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में 14 प्रतिष्ठित कंपनी द्वारा अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों पर किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि आयशर सीआईआई कौशल विकास पीथमपुर में ट्रेनीवर्कर के 100 पदों, वर्धमान फैब्रिक प्रा.लि.बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों, कुलोदय टेक्नोपैक प्रा.लि. दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिक, हेल्पर के 100 पदों तथा प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन भोपाल में ट्रेनी कर्मी के 50 पदों के लिए योग्यता 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई होना आवश्यक है। रैडस्टैंड इंडिया तमिलनाडु में मशीन ऑपरेटर, ट्रेनी के 40 पदों के लिए योग्यता 10वीं 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा तथा न्यू जील फैशन वियर प्रा.लिमिटेड धार में मशीन ऑपरेटर के 80 पदों के लिए योग्यता 5वी, से स्नातक होना अनिवार्य है।

## चाकूबाजी, मारपीट की घटनाएं बढ़ी, लोगों में अपराध को लेकर दहशत

# बैतूल में कानून व्यवस्था हुई लचर!

## हत्या के आरोपी गुपचुप का अपहरण कर अन्नू एंड ब्रदर्स ने लहूलुहान होने तक पीटा!

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

शहर में कानून व्यवस्था दिनों दिन लचर होते जा रही है। बीते दो माह में बैतूल शहर में चाकूबाजी और गुंडागर्दी को लेकर लगातार मामले सामने आ रहे है, इससे आम लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों में अपराध को लेकर अब डर लगने लगा है। शहर की सिविल सोसाइटी कानून व्यवस्था के मुद्दे पर आंदोलन करने की तैयारी में है।

**मामले में गंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 में प्रकरण किया दर्ज**



**केस- 1**

### आदिवासी युवक को पीटा

शहर के चुन्नीढाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम, एक 17 वर्षीय युवक विवेक पिता भ्रगवान मरकाम को फावड़े और पत्थरों से बेरहमी से मारपीट किये जाने का मामला सामने आया। बैतूलगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को लहू-लुहान हालत में वहां से उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया। बैतूल गंज थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी शैफी हाशमी के अनुसार घायल विवेक उर्फ गुपचुप ने पुलिस को बताया था कि वह सागौन बाबा दरबार में पूजा कर रहा था, तभी अन्नू ठाकुर अपने 10-15 साथियों के साथ वहां पहुंचा और उसे जबरन उठाकर चुन्नीढाना ले गए और उसके साथ इस घटना को अंजाम दिया गया। डीएसपी के अनुसार विवेक और अन्नू नाम के युवक के बीच पुरानी रंजिश है। इसलिए उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। घायल विवेक उर्फ गुपचुप मरकाम के खिलाफ अन्नू ठाकुर पर जानलेवा हमला करने सहित हत्या का एक मामला भी दर्ज है। विवेक ने तहसीलदार को मरणासन्न बयान दर्ज किंये थे जिसमें उसने आरोपियों के नाम बताए थे।

### शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे जयस कार्यकर्ता

वहीं आदिवासी युवक की मौत से आदिवासी संगठन जयस के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जिला अस्पताल पहुच गए। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर जयस कार्यकर्ता शव को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच गए। जहां आदिवासी समुदाय की सुरक्षा को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन भी किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मोके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। गंज पुलिस ने सात नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

### मारपीट के आरोपी ने प्रोफेसर पर किया था हमला

14 जून 2024 को अन्नू उर्फ अनिकेत अपने 5 अन्य साथियों के साथ बैतूल के जेएच कॉलेज पहुंचा था। वहां कॉलेज प्रोफेसर नीरज धाकड़ के साथ अनिकेत और उनके साथियों का विवाद हो गया था। इस घटना के बाद प्रोफेसर के साथ अनिकेत और उसके साथियों ने आंखों में मिर्च डाली और डंडे से मारपीट की, जिसके चलते उन्हें गंभीर चोट आई है। पूरे मामले में बैतूल प्रशासन ने अन्नू ठाकुर पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून एनएसए के तहत कार्रवाई की थीं।

**केस -2**

### स्वदेशी मेले में हुई चाकूबाजी

स्वदेशी मेले में 13 दिसंबर की रात युवक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल किया गया था। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। फरियादी कृष्णा आर्य ने गंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका पुत्र भूषण आर्य अपने दोस्तों दमन महाजन और भानू उर्फ आयुष आर्य के साथ पुलिस ग्राउंड में लगे स्वदेशी मेले में घूमने गया था। इसी दौरान बलून की दुकान के पास दीपक और कुलदीप नामक युवकों ने भूषण को अकेले में बात करने के बहाने बुलाया। आरोपी भूषण को झूले के पीछे ले गए, जहां पहले गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। विरोध करने पर दीपक ने उसके साथ मारपीट की, जबकि कुलदीप ने जेब से चाकू निकालकर भूषण की पीठ के बाईं ओर कमर में वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हालांकि इस मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## हत्या के 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश



**भैंसदेही।** भैंसदेही पुलिस ने महज 6 घंटे में अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर को ललसू पिता नाहलू उईके (55)निवासी ग्राम घुघरी ने अपने पुत्र राजू उईके (30) की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गंभीर चोट पहुँचाकर हत्या किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शिकायत पर पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर सूचना एवं सघन पूछताछ के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि मृतक राजू उईके की पूर्व पत्नी पूनम उईके ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची एवं घटना को अंजाम दिलवाया। पुलिस ने इस मामले में पूनम उईके, सोहेल पिता अब्दुल सलीम, निवासी बडनेरा, जिला अमरावती (महाराष्ट्र), शेख जशीम पिता शेख नजीर, निवासी बडनेरा, जिला अमरावती (महाराष्ट्र) और शेख फेजान पिता शेख नदीम, निवासी बडनेरा, जिला अमरावती (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मृतक का पोस्टमार्टम सीएचसी भैंसदेही में कराया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक राजेश सातनकर, उनि. आशीष कुमरे, उनि. रामप्रकाश कीर, उनि. प्रीति पाटिल, हेड कांस्टेबल परसराम, छोटेलाल, पंजाबरात परते, संतोष, आरक्षक नारायण, मनोज, सोनू, नरेंद्र, तनवीर, महिला आरक्षक जिया, चाँदनी की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बच्चों ने किया सांस्कृतिक नृत्य केन्द्रीय विद्यालय में उत्साह पूर्वक मनाया वार्षिक खेलकूद दिवस



**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में 18 दिसंबर को वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय एम मिश्र, एजीएम डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा एवं सचिन नागर मैनेजर वेलफेयर विभाग डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा रहे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत किया गया तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्रीन ट्री वेलकम विशेष आकर्षण रहा। विद्यालय के प्राचार्य ने अपने स्वागत संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत, योग प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक समूह नृत्य किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत आकर्षक मार्च-पास्ट का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने अनुशासन और एकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्र प्रतिनिधि द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। मशाल रैली के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ घोषित किया गया। खेल प्रशिक्षक राजीव नायर के मार्गदर्शन में दिन भर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे दौड़, रिले दौड़ गुब्बारा फोडना, जलेबी रेस में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। दोपहर भोजनावकाश के पश्चात खेल गतिविधियाँ पुनः आरंभ हुईं। अपराह्न 02.30 बजे समापन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें पुरस्कार वितरण समारोह के अंतर्गत विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि व्हीके कैथवार मुख्य अभियंता एमपीपीजीसीए सारनी, संजीव त्रिपाठी अधीक्षण अभियंता एमपीपीजीसीएल, भीम बहादुर थापा वीएमसी सदस्य ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों की सराहना करते हुए खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बताया और अंत में खेलकूद दिवस के समापन की घोषणा की। पूरे कार्यक्रम का संचालन मनराज मीना ने किया।

## बिजली विभाग के कर्मचारी अधिकारी हो रहे परेशान



**शाहपुर।** तीन दिन पहले किसी अज्ञात वाहन ने बिजली का पोल तोड़ दिया। बिजली विभाग के अधिकारी श्री गुप्ता ने बताया कि 15 दिसंबर के दिन कृषि उपज मंडी शाहपुर के समीप किसी अज्ञात वाहन के द्वारा बिजली प्रदाय का खंबा तोड़ दिया गया था। 17 दिसंबर के दिन कन्या उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल शाहपुर के सामने का खंबा फिर किसी अज्ञात वाहन के द्वारा तोड़ दिया गया। खंबे तोडने की शिकायत थाना शाहपुर में आवेदन के माध्यम से की है। श्री गुप्ता ने बताया कि अज्ञात वाहनों की टक्कर से तोड़े गये खंभों के कारण बिजली विभाग को आर्थिक क्षति के साथ-साथ आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने वाहन चालकों से बिजली उपकरण को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाने का आग्रह किया है।

## जनता को 4 हजार नहीं, 2300 रुपए लगभग देनी होगी कनेक्शन राशिः डॉ योगेश पंडाग्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



सारनी के वार्डो में विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने जनता के बीच पहुंचकर चौपाल लगाकर समस्याएं सुनी। डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि जल आवर्धन योजना को लेकर कुछ लोगों ने जनता में भ्रम फैलाकर बेवजह विवाद की स्थिति निर्मित की, इसलिए हम लोगों ने वार्ड में चौपाल लगाकर जनता से सीधा संवाद कर वास्तविक स्थिति का आंकलन किया।

विधायक ने कहा कि इतनी बड़ी परियोजना का निःशुल्क संचालन कर पाना संभव नही है। इसलिये मेरा प्रयास है कि योजना बंद भी न हो और जनता पर अधिक आर्थिक भार भी न पडे। उपभोक्ताओं को अब 4 हजार नही, बल्कि 23 सौ रुपये के आसपास कनेक्शन चार्ज के रूप में भुगतान करना पडेगा। यह राशि एक मुश्त नही, बल्कि छोटी छोटी किश्तों में अगले 6 महीने तक जमा करने की सहूलियत भी दी जाएगी। भाजपा की सरकार जनता को आर्थिक राहत भी देगी और पीने के लिए नियमित शुद्ध पानी भी। जनता को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सारनी में पानी की आपूर्ति एक बडी समस्या थी। माताओं बहनों को पानी के लिए घंटों कतार में लगना पड़ता था। भाजपा की सरकार ने इस समस्या से हमेशा-हमेशा के लिए जनता को निजात दिलाने के उद्देश्य से 104 करोड़ की लागत से सारनी में जल आवर्धन योजना को स्वीकृति दी, जिसमें राज्य सरकार के अलावा एक बड़ी राशि नगरपालिका ने भी वहन किया है। आज जब यह योजना मूर्त रूप ले चुकी है और जनता को नल-जल योजना के माध्यम से नियमित पानी मिल रहा है, तो कांग्रेस के लोग जनता में भ्रम फैलाकर अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस के मंच से ऐसे अपशब्दों का प्रयोग हो रहा है कि बहनों को भी लज्जित होना पड रहा है।

विधायक ने चौपाल में जनता द्वारा पूछे गए हर सवाल का बेवाकी से जवाब देते हुए कहा कि नए प्लांट के कारण किसी को भी बेघर नही होने देंगे। जिनके घर टूटेंगे, उनको उचित स्थान पर विस्थापित करेंगे। संजीवनी क्लिनिक में डॉक्टरों की नियुक्ति और 24 घण्टे स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था करेंगे नए पावर प्लांट में 70 प्रतिशत स्थानीय मजदूरों को काम मिलेगा। किसी भी कीमत पर मजदूरों का शोषण नही होने देंगे, जो कम्पनी मजदूरों का हक मारेगी उसको सारनी से बोरिया विस्तर बांधना पड़ेगा। इस अवसर आप नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, जिला महामंत्री कमलेश सिंह, जिला सह कार्यालय मंत्री सुधा चंद्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत, मुकेश आदि रहे मौजूद।

## जीएम को दिखाने दो घंटे में बना दी सड़क, आखिर कब तक चलेगी?

### प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए शौचालय भी नहीं



**आमला।** 24 दिसंबर को रेलवे के जीएम आमला आ रहे हैं, ऐसे में बीते कई महीनों से भी रुके कार्यो को स्थानीय रेलवे तेज गति से पूरा करने में जुटा हुआ है, लेकिन जल्दबाजी और आपाधापी में की जा रही लाखों रुपए की बर्बादी केवल जीएम के चंद मिनट के दौरे के लिए खर्च किए जा रहे हैं, उसको लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। सवाल इसलिए नहीं है कि काम क्यों किया जा रहे हैं, बल्कि सवाल आपाधापी में किए जा रहे हैं बगैर गुणवत्ता के कार्यों को लेकर किया जा रहे हैं।

आमला स्टेशन परिसर में निर्माणाधीन ऐसे स्थल जो अभी तोड़ा भी जाना है, उन स्थलों पर भी पैसों की बर्बादी की जा रही है। मसलन रातों-रात सडक़ बनाना, पेविंग ब्लॉक लगाना, दफ्तरों की छत ढालना से लेकर ज्यादातर किए जा रहे कार्यो के गुणवत्ता पर आमजनों के सवाल सामने आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार जहां-जहां से भी जीएम गुजरेंगे, उन स्थलों के लिए रातों-रात सडक़ बनाकर तैयार की जा रही है, अब जीएम के चंद मिनटों के दौरे के लिए महज कुछ घंटे में बनाई जा रही सडक़े कितने दिन चल पाएंगी, अंदाजा लगाया जा सकता है। इससे रेलवे अधिकारियों की मंशा और नीयत पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। एक और जहां केवल जीएम के दौरे के लिए रेलवे स्टेशन को किसी शामियाने की तरह सजाया जा रहा है और यहीं रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए प्राथमिक सुविधाएं भी नहीं है। मसलन प्लेटफार्म क्रमांक 3,4 पर शौचालय ही नहीं है। ऐसे में यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, हालांकि यहां स्टेशन के दोनों छोर पर शौचालय होना चाहिए, किंतु इस ओर स्थानीय रेलवे के अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। ऐसा ही कुछ आलम प्लेटफार्म क्रमांक एक और दो का भी है, यहां भी एक मात्र शौचालय होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## मुख्यमंत्री विशेष निधि से होगा निर्माण, नगरपालिका ने जारी किए टेंडर

**5 करोड़ की लागत से बनेगा राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम**

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रयासों से बदलेगा बैतूल का खेल परिदृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बड़ी सौगात दी है। श्री खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से बैतूल के खेल परिदृश्य में बदलाव की शुरुआत हो गई है। श्री खंडेलवाल के प्रयासों से जिला मुख्यालय बैतूल में मुख्यमंत्री विशेष निधि से लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम एवं 100 रनिंग मीटर के पांच लेन वाला सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक स्वीकृत हुआ है ।क्रिकेट स्टेडियम एवं एथलेटिक ट्रैक निर्माण के लिए नगर पालिका बैतूल द्वारा टेंडर भी जारी किए जा चुके हैं। इनका निर्माण होने के बाद बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को जिला मुख्यालय पर ही राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट एवं एथलेटिक्स खेलों के प्रशिक्षण की सुविधा मिलने के साथ ही बैतूल में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा।

उल्लेखनीय है कि आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा बैतूल में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई है। इसके पहले चरण में राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम एवं सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण होगा ।



### एक हजार दर्शकों की क्षमता का बनेगा सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से एस्टो टर्फ खेल मैदान के बाजू में उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल की भूमि पर लगभग साढे चार करोड रुपए की लागत से राष्ट्रीय मापदंडों के स्तर के सर्व सुविधायुक्त क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। लगभग 1000 दर्शकों की क्षमता के सर्वसुविधायुक्त क्रिकेट स्टेडियम में प्रशासनिक सह पेवेलियन भवन, बाउंड्री वॉल, फेंसिंग रिटेनिंग वॉल, कल्वर्ट, एंट्री गेट, आरसीसी ड्रेनेज , शौचालय, रेस्ट रूम,आरसीसी रोड, पार्किंग एरिया, क्रिकेट फील्ड, इलेक्ट्रिफिकेशन, स्टेडियम सीटिंग चेयर सहित अन्य निर्माण कार्य एवं व्यवस्थाएं की जाएगी।

### पुलिस ग्राउंड में बनेंगे पांच सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक

बैतूल जिले के छात्र-छात्राओं द्वारा आर्मी, पुलिस, फॉरेस्ट सहित अन्य विभागों में चयन के लिए की जाने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ,बैतूल विधायक श्री खंडेलवाल की पहल पर पुलिस परेड ग्राउंड बैतूल में लगभग 40 लख रुपए की लागत से 100-100 मीटर लंबाई के 5 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण किया जाएगा ।राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के इस ट्रैक पर रनिंग कर छात्र - छात्राएं शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। साथ ही एथलेटिक्स, रनिंग के खिलाड़्यों को बैतूल में ही राष्ट्रीय स्तर की सुविधा मिलेगी।

### बैतूल को खेलों के हब के रूप में करेंगे विकसित

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सुविधाएं एवं उचित मंच उपलब्ध कराने की। श्री खंडेलवाल के मुताबिक बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए बैतूल को खेलों के हब रूप में विकसित कर खिलाड़्यों को स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी । इसके लिए बैतूल में राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विशेष निधि से लगभग 5 करोड रुपए की लागत के राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम और 100 रनिंग मीटर के 5 लेन वाले सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण होगा। खंडेलवाल के मुताबिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल वालीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्केटिंग, एथलेटिक्स सहित अन्य खेलों के लिए अत्याधुनिक खेल अधोसंरचना के कार्य करवाए जाएंगे। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनने के बाद बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट खेल सुविधाएं मिलने के साथ ही बैतूल जिले में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिससे बैतूल जिला राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर भी उभरेगा।

## पूर्व ब्लॉक अध्यक्षों की मौजूदगी में नए ब्लॉक अध्यक्षों का हुआ स्वागत

### कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प



**बैतूल।** जिला कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों ने मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष स्व. विनोद डागा को श्रद्धापूर्वक प्रणाम कर विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाला। संगठन के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कांग्रेसजनों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोनू बड़ोनिया एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत राजपूत ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों बैतूल शहर मनोज कालू आहूजा बैतूल ग्रामीण राजकुमार चौबे का स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा और जनता की आवाज को मजबूती से उठाना होगा। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यालय में संगठनात्मक उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर मनोज आहूजा, पार्षद अशोक नागले, आतिफ अली, संदीप राजपूत खेड़ी सांवलीगढ़, धनराज धोटे ढोंढवाडा, प्रीतेश गंगारे, संजय वर्मा भयावाडी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षेप खबर

### हॉकी खिलाड़ी राजवीर सिंह का भारतीय सेना में हुआ चयन



**इटारसी।** शहर के खेल जगत के लिए हर्ष का विषय है कि यहाँ के होनहार हॉकी खिलाड़ी राजवीर का चयन भारतीय सेना में हुआ है। राजवीर ने अपनी कड़ी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है।राजवीर की इस सफलता पर हॉकी नर्मदापुरम के पदाधिकारियों अध्यक्ष राजेंद्र तोमर, सचिव साजिद मलिक, कोच कन्हैया गुरयानी और खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि राजवीर का चयन क्षेत्र के अन्य उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

### प्रेक्षक प्रेक्षा ऐप से देंगे जानकारी

**देवास।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिये नियुक्त प्रेक्षकों की सुविधा के लिये 'प्रेक्षा' ऐप बनाया गया है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि इस मोबाइल ऐप में प्रेक्षकों को प्रतिवेदन भेजने, नियमों एवं निर्देश मिलेंगे।

### ऑपरेशन साइबर के तहत कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई, 12 को किया गिरफ्तार

# युवाओं को लालच देकर खाते खरीदने के बाद ठगी राशि के हस्तांतरण में करते थे उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना कोतवाली देवास पर फरियादी रवि पिता अशोक चौहान उम्र 38 वर्ष निवासी 31/1 भवानी सागर देवास हाल मुकाम गोपाल नगर इटावा जिला देवास द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उसके नाम से खुलवाए गए बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक एवं चैकबुक का धोखाधड़ी पूर्वक दुरुपयोग किया गया है। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए देवास पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ₹ऑपरेशन सायबर₹ के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा प्रभावी कार्यवाही हेतू निर्देषित किया गया था जिस पर से एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में एवं जिला सायबर सेल द्वारा विशेष पुलिस टीम का गठन किया। उक्त सायबर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

सायबर ठग स्थानीय जनता से उनके बैंक खाते चंद रूपये देकर उन बैंक खातो का उपयोग देश के विभिन्न के क्षेत्रो के नागरिकों से हुये सायबर ठगी के पैसो के लेनदेन के लिए करते थे, इस संबध में अभी तक की जांच में कुल 78 बैंक खातो की जानकारी संबधित बैंक से प्राप्त करते उक्त खातो में सायबर ठगी का करोडो रूपयो का लेन-देन हुआ है अन्य राज्यो के आवेदको द्वारा भी उक्त बैंक खातो की शिकायत NCRP पोर्टल पर की गई है जिनमें करोडो रूपयो की सायबर ठगी होना एवं उक्त खातो में सायबर ठगी की राशि का आंशिक भाग प्राप्त हुआ है । आरोपीगणो के विरूद्व



थाना कोतवाली देवास पर अपराध क्रं. 897/2025 धारा 318(4),316(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी इरशाद एवं आशीम द्वारा स्थानीय जनता को प्रलोभन देकर युको बैंक एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र में नए खाते खुलवाए जाते थे। खाता खुलवाने के उपरांत खाताधारकों से पासबुक,एटीएम कार्ड एवं सिम प्राप्त कर इन्हें आरोपी अकबर व हर्ष को बेचा जाता था । अकबर व हर्ष के द्वारा BINANCE एवं BYBIT एप्लिकेशन के माध्यम से डिजिटल करेंसी खरीदते थे । उसके उपरांत उक्त डिजिटल करेंसी को टेलीग्राम पर काफी महेंगे दामों पर सायबर ठगों को बेचा जाता था और सायबर ठगों से प्राप्त बढी धनराशि के उपयोग देवास से खरीदे गया खातों में पैसा ट्रांसफर कराया जाता था । अकबर और हर्ष को भलीभाति यह ज्ञान था कि बाजार मुल्य से अत्याधिक राशि पर डिजिटल करेसी खरीदने वाले सायबर ठगी का पैसे उसमे इस्तमाल करते है ।इसी वजह से खाते होल्ड होने से पहले यह गिरोह राशि ट्रांसफर होते ही तत्काल कैश विथड्राल कर लेता था। गिरोह ने अधिकांश खाते बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं युको बैंक मे भी इसी कारण खुलवाये थे क्योकि इन बैंको मे प्रतिदिन की विड्रॉल लिमिट अन्य बैंकों से अधिक थी ।

# ट्रेनों में मोबाइल चोरी कर साइबर फ्रॉड करने वाले को पहुंचाया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



यात्री ट्रेनों में मोबाइल चोरी और उसके जरिए बैंक खातों में सेंध लगाने वाले अपराधियों के विरुद्ध पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना जीआरपी इटारसी द्वारा की गई वैज्ञानिक और तकनीकी विवेचना के आधार पर, न्यायालय ने एक शातिर अपराधी को विभिन्न धाराओं में कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है।

### क्या था पूरा मामला?

30 अक्टूबर 2024 को एक यात्री ने रेल यात्रा के दौरान अपना मोबाइल फोन चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी ने न केवल फोन चोरी किया, बल्कि इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग कर फरियादी के नाम पर अवैध रूप से ऋण स्वीकृत कराया और बैंक खातों से पैसे भी निकाल लिए. वैज्ञानिक साक्ष्यों ने फंसाया जीआरपी इटारसी ने इस मामले में आधुनिक तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया। तत्कालीन निरीक्षक रामस्नेह चौहान के नेतृत्व में टीम ने मोबाइल की सीडीआर, सीएएफ, आईएमईआई ट्रैकिंग, टावर लोकेशन और बैंक स्टेटमेंट जैसे महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य जुटाए। इन साक्ष्यों के आधार पर सोहागपुर जिला नर्मदापुरम निवासी लीलाधर रघुवंशी की संलिप्तता प्रमाणित हुई। न्यायालय का फैसला और सजा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, इटारसी ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को विश्वसनीय मानते हुए 16 दिसंबर 2025 को आरोपी को दोषी करार दिया।

आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(सी): एक वर्ष का सश्रम कारावास और 1000 अर्थदंड, धारा 318(4) एवं 238 क्रमशः एक वर्ष और तीन माह का सश्रम कारावास तथा कुल 2500 अर्थदंड, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 (सी)- एक वर्ष का सश्रम कारावास और 25,000 अर्थदंड की सजा सुनाई। इस सफल विवेचना के लिए न्यायालय द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली को सराहा गया।

इस पूरी कार्रवाई में तत्कालीन निरीक्षक रामस्नेह चौहान, आरक्षक मनोज त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक राजेश गढ़वाल और आरक्षक संतोष पटेल सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# साड़ी से स्वाभिमानः जब घर की सहायिकाओं ने रैंप पर बिखेरे जलवे



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

समाज के हर वर्ग को मान-सम्मान देने की अनूठी पहल करते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ इटारसी ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। डिस्ट्रिक्ट द्वारा निर्धारित थीम 'साड़ी से स्वाभिमान' के अंतर्गत शहर के घरों में काम करने वाली महिलाओं घरेलू सहायिकाओं के लिए एक रैंप वॉक और सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

शहर के नमक रेस्टोरेंट में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 13 महिलाओं ने हिस्सा लिया। ये वे महिलाएं हैं जो रोजमर्रा के जीवन में हमारे घरों को संभालने में मदद करती हैं, लेकिन उन्हें शायद ही कभी मंच मिलता है।

क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सविता आर साहू ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य इन महिलाओं के आत्म-सम्मान को बढ़ाना और उन्हें मुख्यधारा से जोडना है।

जीवन में पहली बार इन महिलाओं ने आत्मविश्वास के साथ रैंप पर वॉक किया, जिसे देखकर हॉल तालियों से गूंज उठा।


# खेतों के कलाकार का खेल के जादूगर को सलाम, अनाज के दानों से किसान कलाकार ने उकेरी विवेक सागर की सूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कला जब जुनून बन जाए, तो वह मिट्टी और अनाज के दानों में भी जान फूंक देती है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है नर्मदापुरम के ग्राम सुपरली के हुनरमंद किसान योगेन्द्रपाल सिंह सोलंकी ने। उन्होंने अपनी अनूठी 'अनाज कला' के जरिए इटारसी के लाड़ले और भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान ओलंपियन विवेक सागर की एक बेहद जीवंत तस्वीर तैयार की है।

### धान, तिल और अलसी से निखरा 'हॉकी स्टार' का चेहरा

योगेन्द्रपाल सिंह ने अपनी इस कलाकृति में किसी रंग या कूची का इस्तेमाल नहीं किया, बल्कि रसोई और खेतों में मिलने वाले अनाजों को माध्यम बनाया है। विवेक सागर



की इस तस्वीर को बनाने में उन्होंने धान, रागी और राजगिरा, काले तिल, खसखस और अलसी जैसे विविध अनाजों का बारीकी से उपयोग किया है। इन दानों के प्राकृतिक रंगों से विवेक के चेहरे के हाव-भाव को जिस खूबसूरती से उकेरा है, उसे देख हर कोई दंग है।

### पुतिन और मोदी के बाद अब विवेक की बारी

योगेन्द्रपाल सिंह अपनी इस कला के लिए देश-दुनिया में पहचाने जाते हैं। हाल ही में जब रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन भारत आए थे, तब उन्होंने पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनाज से बनी तस्वीर बनाकर खूब सुर्खियां बटोरी थीं। वे अब तक देश-दुनिया के कई बड़े राजनेताओं की तस्वीरें बना चुके हैं, लेकिन इस बार उन्होंने अपने जिले के खेल रत्न विवेक सागर को सम्मानित करने का फैसला किया।

**होम ग्राउंड पर खेल रहे विवेक को खास तोहफाः** दिलचस्प बात यह है कि विवेक सागर इन दिनों अपने गृह नगर इटारसी में ही हैं और गांधी मैदान में चल रही अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता में अपनी टीम के साथ पसीना बहा रहे हैं। ऐसे में एक किसान कलाकार द्वारा अनाज के दानों से व्यक्त किया यह सम्मान विवेक के लिए किसी मेडल से कम नहीं है।

**इनका कहना है....**

अनाज हमारे जीवन का आधार है, और विवेक हमारे देश का गौरव। जब अनाज के दाने मिलकर एक खिलाड़ी की सूरत लेते हैं, तो यह उस मेहनत का सम्मान है जो एक किसान खेत में और एक खिलाड़ी मैदान में करता है। खेल के जादूगर को सलाम, अनाज के दानों से उकेरी विवेक सागर की सूरत लेते है, तो यह उस मेहनत का सम्मान है जो एक किसान खेत में और एक खिलाडी मैदान में करता है।

**योगेन्द्रपाल सिंह सोलंकी, कलाकार**

# वृंदावन गार्डन में राधा देवी 26 से करेंगी श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सेवन स्टार क्लब इटारसी द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में संगीत में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आध्यात्मिक आयोजन 26 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 1 जनवरी 2026 तक न्यास कॉलोनी स्थित वृंदावन गार्डन में होगी। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 6 बजे तक कथा चलेगी। भागवत कथा का वाचन बाल साध्वी राधा देवी के श्रीमुख से किया जाएगा। साध्वी राधा देवी श्री राधा हर सिद्ध आश्रम, गोवर्धन ब्रज धाम की अध्यक्ष हैं और अपनी ओजस्वी वाणी से कथा का रसपान कराएंगी।

आयोजन में महामंडलेश्वर भैया दास महाराज श्री बालाजी धाम आश्रम, गौशाला, डूंडाहेड़ा, बागपत भी मुख्य रूप से उपस्थित रहकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

समिति सदस्य जसवीर सिंह छावड़ा ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों और भक्तों से निवेदन किया है कि वे इस पवित्र श्रीमद् भागवत कथा में सपरिवार शामिल हों और कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# मंत्री शाह की 10 फीट जीभ काटकर महिला कांग्रेस ने किया अनोखे ढंग से विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के जयस्तंभ चौक पर महिला कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन चर्चा का विषय बना। कांग्रेस नेत्री अधिवक्ता नेहा चावरे के नेतृत्व में मंत्री विजय शाह का पोस्टर बनाया जिसमें लगभग 10 फीट लंबी जीभ बनाई गई। कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने पहले जीभ के ऊपर लात रखकर मंत्री विजय शाह मुर्दाबाद के नारे लगाए और उसके बाद आरी से जीभ को काट दिया। मंत्री के पोस्टर के टुकड़े-टुकड़े करते हुए जमकर नारेबाजी की। मंत्री विजय शाह का पुतला भी दहन किया गया।

नगर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नेहा चावरे ने बताया कि महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में मंत्री विजय शाह का विरोध हो रहा है जिसके चलते इटारसी में भी महिला कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस लाडली बहनों का अपमान नहीं सहन करेगी।

मंत्री विजय शाह हमेशा से ही विवादित और बिगड़े बोल के कारण चर्चाओं में रहते हैं उन्होने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी के खिलाफ भी अमर्यादित टिप्पणी की थी तो वहीं भारतीय सेना की अफसर सोफिया कुरैशी पर भी विवादित बयान देकर सेना और महिलाओं का भी अपमान किया था।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडे, नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, पूर्व नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को लेकर जेडआरयूसीसी सदस्य ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

यात्रियों की सुविधाओं और स्टेशन क्षेत्र की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य राजा तिवारी ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नए टिकट घर (विंडो) और निर्माणाधीन ऑटो स्टैंड का जायजा लिया।

**टिकट घर मे मिलीं खामियां, दिए सुधार के निर्देशनः** नवनिर्मित पैदल पुल के समीप स्थित नए टिकट घर के निरीक्षण के दौरान यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं में भारी कमी पाई गई। राजा तिवारी ने देखा कि यहाँ यात्रियों के बैठने के लिए कुर्सियों, बेंच की व्यवस्था नहीं



है। साथ ही, भीषण गर्मी और भीड़ के बावजूद पीने के पानी और शौचालय की सुविधा का अभाव मिला। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को हो रही परेशानी पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। मौके पर ही उन्होंने मंडल वाणिज्य निरीक्षक उत्कर्ष अग्रवाल को बुलाकर कमियों से अवगत कराया और शीघ्र अति शीघ्र इन सुविधाओं को बहाल करने के निर्देश दिए।

**ऑटो स्टैंड से मिलेगी ट्रैफिक जाम से मुक्तिः** राजा तिवारी ने स्टेशन क्षेत्र में बन रहे नए ऑटो स्टैंड के कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में व्यवस्थित स्टैंड न होने के कारण स्टेशन के बाहर अक्सर यातायात बाधित रहता है और जाम की स्थिति बनी रहती है।

# भाजपा नेताओं ने दिवंगत डॉ. अनिल सिंह को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ चिकित्सक, समाजसेवी एवं माता मंदिर अस्पताल के संचालक स्वर्गीय डॉ. अनिल सिंह के निवास पर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से इस दुख की घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता संदेश पुरोहित, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, पूर्व नगर मंडल उपाध्यक्ष सन्नी छाबड़ा और सोशल मीडिया प्रभारी शिवकांत मालवीय भी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. सिंह के समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

# श्रीजी कृपा गोशाला में नए शेड का लोकार्पण 22 को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्था श्री श्रीजी कृपा गौशाला समिति द्वारा गौ सेवा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। 22 दिसंबर 2025, सोमवार को न्यास कॉलोनी स्थित गौशाला परिसर में गौवंश के लिए नवनिर्मित आधुनिक शेड का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा।

**महाराज श्री का सानिध्य और विधायक द्वारा लोकार्पणः** इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास परम पूज्य गोवत्स श्री राधाकृष्ण महाराज उपस्थित रहेंगे। उनके पावन सानिध्य में यह आयोजन संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक एवं समिति अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा नए शेड का



विधिवत लोकार्पण किया जाएगा।

**जनसहयोग से साकार हुआ प्रकल्पः** समिति के रमेश चांडक ने बताया कि श्री द्वारिकाधीश राम जानकी मंदिर समिति और स्थानीय नागरिकों के जनसहयोग से संचालित इस गौशाला में गायों की सुविधा के लिए इस नए शेड का निर्माण कराया गया है। यह लोकार्पण समारोह प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। श्री श्रीजी कृपा गौशाला समिति, इटारसी ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनता और गौ-सेवकों से इस पुण्य अवसर पर उपस्थित होने का विनम्र आग्रह किया।

### गांधी मैदान में 'विवेक' का जलवा, जमाई अपनी धाक

# अमर ज्योति इटारसी ने रामपुर को 7-0 से रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का पांचवां दिन पूरी तरह से 'होम बॉय' ओलंपियन विवेक सागर के नाम रहा। भारतीय टीम के उपकप्तान विवेक सागर जैसे ही अपने स्थानीय क्लब 'अमर ज्योति' की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरे, दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया। उनकी मौजूदगी में इटारसी की टीम ने रामपुर उत्तरप्रदेश को 7-0 के भारी अंतर से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अपनी धाक जमा दी।

**विवेक और साथियों ने दागे गोलः** दिन के अंतिम और सबसे प्रतीक्षित मुकाबले में अमर ज्योति क्लब इटारसी ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। विवेक



सागर की कप्तानी और मार्गदर्शन में मयंक जेम्स, अंकित, शान गिडियन और प्रदीप ने एक के बाद एक गोल दागकर रामपुर की रक्षापंक्ति को ध्वस्त कर दिया। विवेक सागर को अपने बीच पाकर न केवल स्थानीय खिलाड़ी रोमांचित थे, बल्कि दर्शकों ने भी हर पास और गोल पर जमकर तालियां बजाईं। साउथ-ईस्ट-सेंट्रल रेलवे बिलासपुर का दबदबाः पहले मैच में रेलवे बिलासपुर ने सैफई उत्तप्रदेश को 6-0 से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरे मैच में एनसीआर प्रयागराज और राजनांदगांव के बीच कांटे की टक्कर रही। निर्धारित समय तक मैच 3-3 की बराबरी पर था, लेकिन पेनाल्टी शूट-आउट में प्रयागराज ने 3-1 से बाजी मार ली। पानपोस की जीतः तीसरे मैच में पानपोस राउरकेला ओडिशा ने कड़े संघर्ष के बाद साई बरेली को 1-0 से मात दी।

### अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदापुरम के पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा ए.एस. थोटा, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी और नपा अध्यक्ष चौरे मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया और विवेक सागर जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी की स्थानीय टूर्नामेंट में भागीदारी की सराहना की। एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा, टीआई गौरव बुंदेला, आयोजन समिति अध्यक्ष राहुल चौरे, स्वागत अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। विवेक सागर की सहभागिता ने प्रतियोगिता की गरिमा बढाई है।

# भारत के रंग, वर्धमान के संग कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वर्धमान पब्लिक स्कूल में भारत के रंग–वर्धमान के संग शीर्षक से एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


इस कार्यक्रम में कक्षा पहली से छठवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न प्रदेशों की आकर्षक झांकियां (स्टॉल) तैयार कीं।

प्रत्येक स्टॉल पर बच्चों ने संबंधित प्रदेश की संस्कृति, लोक नृत्य, भजन, परंपराए एवं प्रमुख त्योहारों की जानकारी अभिभावकों को विस्तारपूर्वक दी। बच्चों की मनमोहक एवं आत्मविश्वास से भरपूर प्रस्तुतियों को सभी अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के समापन पर वर्धमान




विद्यालय प्रबंधन के प्रशांत जैन रचना जैन ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबर संक्षेप



### तहसील कर्मचारियों को दी ई ऑफिस की ट्रेनिंग

**रहटगांव।** तहसील में बुधवार को कर्मचारियों को ई ऑफिस का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिले से एन आई सी के जिला सुचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रवीन्द् यादव एवं नेटवर्क फिल्ड इंजीनियर सागर शर्मा के द्वारा तहसील कार्यालय रहटगांव के कार्यालयीन स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ई आफिस के माध्यम से सभी पत्राचार किया जायेगा।जिसके अंतर्गत ई आफिस के माध्यम से सभी पत्राचार किये जाने को विस्तृत रूप से समझाया गया। जिससे कागज़ एवं समय की बचत तो होगी, साथ ही दस्तावेज भी कम्प्यूटर में सुरक्षित रहेंगे। इस दौरान तहसील के बाबू शरद सेजकर , निखिल ठेंगाहे,डाटा इंट्री ऑपरेटर रुक्मणी ईवने,जमादार माल अब्दुल मुवीन मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह, चित्रकला प्रतियोगिता आज

**हरदा।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा 14 से 21 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 19 दिसम्बर को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 19 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड हरदा के कार्यालय में आयोजित होगी। उन्होने बताया कि स्कूली विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता की थीम ह्यस्मार्ट मीटरः बिजली की बचत और नियंत्रण हुआ आसानह्न रखी गई है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं से कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं, जिसमें प्रत्येक स्कूल से 3 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। चित्रकला के लिए आवश्यक सामग्री विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ही प्रदान की जाएगी।

### सीहोर रेलवे स्टेशन पर अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग

**सीहोर।** बीते लंबे समय से सीहोर के नागरिक सीहोर रेलवे स्टेशन पर अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग कर रहे हैं। सीहोर में कुबरेश्वर धाम पर लाखों की संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी वर्ग भी अपनी शिक्षा प्राप्त करने हेतु शैक्षणिक संस्थान आते हैं, लेकिन ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण अनेक लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर सीहोर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज होगा तो उसे रेलवे विभाग को भी राजस्व की प्राप्ति बढ़ेगी। इन्हीं सभी मांगों को लेकर सीहोर के वरिष्ठ गोपाल सोनी, वीरेंद्र किरार सहित अन्य गणमान्य नागरिकों नागरिकों ने भोपाल सीहोर सांसद आलोक शर्मा को ट्रेन स्टॉपेज करने हेतु मांग पत्र सौंपा था। इसी मांग पत्र को दृष्टिगत रखते हुए सीहोर भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और सीहोर के नागरिकों की।

## टेल क्षेत्र के गांवों में सिंचाई व्यवस्था का निरीक्षण किया, किसानों से चर्चा की

# टेल क्षेत्र के किसानों को सिंचाई का पर्याप्त पानी मिलेः तिवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने गुरूवार को जिले के खिरकिया रेल्वे क्रासिंग के समीप, चौकड़ी, पाहनपाट, कांकरिया एवं मसनगांव का भ्रमण कर नहरों से सिंचाई व्यवस्था देखी। इस दौरान उन्होने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि टेल क्षेत्र में किसानों को सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर किसानों से भी चर्चा की तथा उनकी समस्याएं सुनी। उन्होने अधिकारियों को किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याओं का समुचित समाधान करने के निर्देश दिये। उन्होने खेतों में पहुँचकर फसलों की स्थिति का भी अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान मसनगांव-सालाबेड़ी रोड़ पर बिजली के तार काफी नीचे लगे होने एवं उनसे दुर्घटना की संभावना को देखते हुए कमिश्नर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को शीघ्र विद्युत लाइन दुरूस्त करने के निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त आयुक्त विकास जी.सी. दौहर, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सुश्री सोनम वाजपेई, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### कलेक्ट्रेट परिसर में धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, सिद्धार्थ जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत हरदा कलेक्ट्रेट परिसर में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार कोई व्यक्ति या संगठन को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपने हेतु पूर्वानुमति प्राप्त करना आवश्यक है, आवेदन में आयोजक तथा ज्ञापन सौंपने वाले अधिकतम 5 व्यक्तियों का नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य होगा, साथ ही ज्ञापन सौंपने की दिनांक एवं समय का भी स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। अनुमत समय से अधिकतम 30 मिनिट तक का विलम्ब स्वीकार किया जा सकेगा, किन्तु उससे अधिक विलम्ब स्वीकार नहीं होगा। साथ ही सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमत अधिकतम 5 व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जारी आदेश अनुसार कोई व्यक्ति या संगठन पुलिस को पूर्व सूचना किये बिना कोई सभा, जुलूस अथवा वाहन रैली का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना रैली अथवा जुलूस का आयोजन नहीं करेगा।

कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन या समूह कार्यालय कलेक्टर परिसर में लाठी-डंडा पत्थर या किसी प्रकार का घातक अथवा ज्वलनशील पदार्थ या अन्य शस्त्रों का संग्रह नहीं कर सकेगा। कोई भी व्यक्ति बारूद या पटाखों, पेट्रोल ज्वलनशील पदार्थों को लेकर कलेक्टर परिसर में प्रवेश नहीं कर सकेगा। साथ ही कार्यालय कलेक्टर परिसर अंतर्गत सम्पूर्ण परिसर में व्यवसायिक वाहनों के आवागमन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से एक पक्षीय रूप से लागू किया गया है।

## जिपं की बैठक संपन्न

# पंचायत अंतर्गत विभिन्न मदों में आय-व्यय पर चर्चा की





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला पंचायत हरदा की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक गुरूवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अंतर्गत विभिन्न मदों में आय-व्यय पर चर्चा की गई। इसके बाद जिला पंचायत हरदा की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खनिज विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि रोड़ किनारे खंभे लगाते समय भविष्य में सड़क के चौड़ीकरण को ध्यान रखते हुए खंभे लगाए जाए, जिससे पोल शिफ्टिंग के अनावश्यक खर्च से बचा जा सके। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शाह ने बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये कि जिन शालाओं में बच्चों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या अधिक है, उन्हें अन्य स्कूलों में पदस्थ किया जाए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गहलोत ने विद्युत अधिकारियों को नये खंभे लगाते समय तकनीकी मापदण्ड के अनुसार लगाने हेतु निर्देशित किया, जिससे खंभे भविष्य में तिरछे न हो।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों के मुक्तिधामों में एक-एक हैण्डपम्प लगाने के लिये शासन को प्रस्ताव भेजने हेतु अवगत कराया गया। जिला पंचायत सदस्य ललित पटेल ने बैठक में जिले के मण्डी निधि से किये जाने वाले कार्या में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा सड़कों को समय सीमा में करने हेतु अवगत कराया। बैठक में रेखा बड़ोदिया, जयश्री बांके, अति.मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा प्रवीण कुमार इवने के साथ जिला पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## स्थाई काम पर रखने का झांसा देकर की वारदात

# झाड़-पोछा करने वाली महिला ने एएसआई के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में रहने वाली एक महिला ने बुधवार देर रात ट्रैफिक थाने में पदस्थ एएसआई सुरेंद्र मालवीय के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि 16 दिसंबर को दोपहर करीब 3 बजे एएसआई ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पगार बढ़ाने का लालच दिया और जान से मारने की धमकी दी। सिविल लाइन थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक, पीड़ित महिला (42) पिछले दो साल से अपने गांव से हरदा आकर झाड़ू-पोछा का काम कर रही है। वह आरोपी एएसआई सुरेंद्र मालवीय के अलग-अलग किराए के मकानों में साफ-सफाई का काम करती थी।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 16 दिसंबर को दोपहर करीब 3 बजे वह आरोपी के घर पर काम निपटाने के बाद जाने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान एएसआई मालवीय ने पगार बढ़ाने और अपने घर पर स्थायी तौर पर काम पर रखने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।लोक-लाज के डर से पीड़ित ने शुरुआत में घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। बाद में महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी एएसआई सुरेंद्र मालवीय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 69, 351(3) और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

**हरदा।** बुधवार शाम को ग्राम उड़ा के पास एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस दुर्घटना में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल से इंदौर रेफर किया गया है। मृतक की पहचान ग्राम उन्द्राकच्छ निवासी राजेश मोरी के रूप में हुई है। घायलों में धौलपुर निवासी सचिन पिता रेवाराम राजपूत और बसंत पिता सूरज दोगने शामिल हैं। यह हादसा ग्राम उड़ा की पुलिया के पास हुआ। टक्कर के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार, बाइक तेज गति से आ रही थी। संभवतः बाइक का हैंडल ट्रक से टकराया, जिससे बाइक सवार तीनों नाली में गिर गए। ग्रामीणों ने उन्हें नाली से बाहर निकालकर एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया।

## दूल्हा बने हैं सरकार की जोड़ी का जवाब नहीं, श्री नंद नंदन बने आज द्वारिका के नाथ

# लक्ष्मी स्वरूपा रुक्मणि से श्री कृष्ण का विवाह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

श्री राधा कृष्ण मन्दिर गौर मांगलिक परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस में समस्त जनमानस ने मिलकर के भगवान की दिव्य कथाओं का श्रवण किया। इस अवसर पर नृत्य गीत आदि के साथ में लक्ष्मी स्वरूपा श्री रुक्मणि का विवाह नारायण स्वरूप भगवान श्री कृष्ण से सानंद सम्पन्न हुआ। भगवान श्री कृष्ण द्वारकाधीश बनाकर विराजे।

कथा व्यास पंडित तरुण तिवारी महाराज ने महाराज की अद्भुत कथा सभी को श्रवण कराई और महारास के तत्व को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। यह बताया कि महारास कोई काम लीला नहीं अपितु काम विजय लीला है, और जो गोपियों है वह कोई साधारण स्त्रियां नहीं , बल्कि स्वयं वेद की ऋचाएं हैं। भगवान श्री राम की लीलाओं से आए हुए दंडकारण्य के ऋषि है।

साधन सिद्धा, कर्म सिद्धा इत्यादि कई भेद हैं। अरे यह महारास तो ऐसी लीला है कि जिसमें भूत भावन भगवान भोलेनाथ भी गोपी बनकर आते हैं। गोपेश्वर के रूप मे वृंदावन में प्रतिष्ठित हो जाते हैं आज समस्त जनमानस को महारास के तत्व को समझने की आवश्यकता है कि यह किसी स्त्री व पुरुष का मिलन नहीं। अपितुआत्मा का परमात्मा से मिलन का प्रसंग है महारास। महाराज ने भगवान के वृंदावन से मथुरा गमन जाने।कंस वध एवं उद्धव गोपी का सुंदर संवाद सुनाते हुए कथा का विश्राम किया। कुसुम पतिराम गौर पतेला परिवार के द्वारा आयोजित यह कथा हवन पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ आज समापन होगी।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समापन



**रहटगांव।** सिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति द्वारा पंछी मोहल्ले में रहटगांव चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन पंडित सुनील शर्मा द्वारा मुख्य रूप से सुदामा-चरित्र और परीक्षित मोक्ष के प्रसंग सुनाई। जहाँ कृष्ण और सुदामा की मित्रता, सुदामा की दीन-दशा और कृष्ण की कृपा से उनका उद्धार दिखाया जाता है, और अंत में राजा परीक्षित को तक्षक नाग द्वारा डसे जाने के बाद, शुकदेव जी की कथा के प्रभाव से उन्हें मोक्ष प्राप्त हुआ। जो कथा का समापन किया, जिसमें भगवान का नाम संकीर्तन और आरती की गई। समस्त भक्त जनों को भंडारा स्वरूप भव्य रूप में प्रसादी वितरण की गई। जिसे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने ग्रहण किया,प्रतिदिन प्रातः काल भगवान का पूज्न, पंडित जगदीश शर्मा के मार्गदर्शन पर पं. अभिषेक शर्मा पं. बालकृष्ण शर्मा के द्वारा पूजा अर्चना कराई गई।

### न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**सीहोर।** जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे ठंड और बढ़ गई है। जिले में पिछले एक माह से तापमान लगातार गिर रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी हो रही है। इससे चल रही सर्द हवाएं मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रही हैं, जिसके चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। डॉ. तोमर के अनुसार, क्षेत्र में मावठे (बारिश) की संभावना है। बारिश होने के बाद न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। पिछले तीन दिनों से जिले में घना कोहरा छाया हुआ है। इससे लोगों की आवाजाही और यातायात प्रभावित हुआ है।

### विद्यार्थियों ने किया आईआईएसईआर व रीजनल साइंस सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण

**भैरूंदा।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय, भैरूंदा के विद्यार्थियों ने विज्ञान को कक्षा से बाहर वास्तविक रूप में समझने के उद्देश्य से 16 दिसंबर 2025 को एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा की। इस यात्रा में विद्यालय के कुल 44 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिनका दल भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल तथा रीजनल साइंस सेंटर भोपाल पहुँचा। यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय वैज्ञानिक संस्थानों, अनुसंधान संस्कृति और प्रयोगशाला आधारित अध्ययन से परिचित कराना था। यह शैक्षणिक भ्रमण नोडल अधिकारी एवं पीजीटी केमिस्ट्री शिक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने कहा शिक्षकों की तनख्वाह रोकना अन्याय पूर्ण और नियम के विरुद्ध

**सीहोर।** शिक्षकों में विभागीय कार्रवाही से कड़ा आक्रोश बना हुआ है। शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने बुधवार को विधायक सुदेश राय के प्रतिनिधि राजकुमार जायसवाल रिंकू को ज्ञापन देकर वेतन दिलाने की मांग की है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर ने ई अटेंडेंस नहीं लगाने पर 1724 शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश दिया है। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों को विधायक प्रतिनिधि जायसवाल ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर शिक्षकों की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। शिक्षकों ने कहा कि तनख्वाह रोकना अन्याय पूर्ण और नियम के विरूद्ध है। गांव में नेटवर्क नहीं मिलने के कारण 1724 शिक्षक ई अटेंडेंस नहीं लगा पाए है। जिले में शिक्षक एप के माध्यम से ई अटेंडेंस लगाने में अनेक तकनीकी परेशानियों का सामना शिक्षकों को सामना करना पड़ रहा है। कई गाँव में नेटवर्क की समस्या है। कई जगह शिक्षकों के स्कूल में होने के बाद भी लोकेशन कई किमी दूर बता रहा है। कई शिक्षको का प्रोफाईल फोटो से चेहरा मैच नहीं हो पा रहा है। सूचना देने के बाद भी विभाग अनेक समस्याओं का निराकरण नहीं कर रहा है। शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अतिरिक्त बीएलओ का अति महत्वपूर्ण कार्य भी सौंप दिया गया है।

## स्टॉक और डिजिटल रिकॉर्ड का किया गया मिलान

# सरिया-सीमेंट व्यापारी के यहां जीएसटी टीम का छापा, रिकॉर्ड की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर





जिला मुख्यालय बिजली घर चौराहे पर स्थित प्रतिष्ठित सरिया एवं सीमेंट कारोबारी फर्म मै. खेमचंद मदनलाल मामाजी चूने वाले के यहां बुधवार दोपहर जीएसटी की टीम ने दबिश दी। भोपाल से आए करीब एक दर्जन अधिकारियों के बेड़े ने जैसे ही प्रतिष्ठान को घेरा पूरे व्यापारिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया। टीम में महिला अधिकारी भी शामिल रहीं, जिन्होंने बारीकी से दस्तावेजों की जांच पड़ताल की।

बता दें बुधवार दोपहर में शुरू हुई इस कार्रवाई में टीम ने सबसे पहले प्रतिष्ठान के एंट्री और एग्जिट पॉइंट को अपने घेरे में लिया। सूत्रों के अनुसार जीएसटी विभाग को टैक्स संबंधी कुछ गंभीर अनियमितताओं और इनपुट टैक्स क्रेडिट में गड़बड़ी की आशंका थी। टीम ने दुकान पर मौजूद सरिया और सीमेंट के भारी-भरकम स्टॉक का मिलान खरीद-बिक्री रजिस्टर और कंप्यूटर डेटा से शुरू किया है। बिल, वाउचर और लेजर बुक की भी पड़ताल की जा रही है।

**बेटे को लेकर घर पहुंची टीम :** जीएसटी टीम की यह कार्रवाई केवल दुकान तक ही सीमित नहीं रही। टीम के कुछ सदस्य संचालक के बेटे को साथ लेकर उनके निवास और अन्य संभावित ठिकानों पर भी पहुंचे। सूत्रों का कहना है कि विभाग जांच पड़ताल से यह देखना चाहता था कि कहीं कच्चे बिलों या समानांतर रिकॉर्ड का खेल तो नहीं चल रहा है। शहर के मुख्य चौराहे पर हुई इस बड़ी कार्रवाई की खबर आग की तरह शहर में फैली। देखते ही देखते आसपास के कई व्यापारियों ने अपनी गतिविधियों को सतर्कता से संचालित करना शुरू कर दिया।

**देर शाम तक चली कार्रवाई :** जीएसटी टीम की जांच पड़ताल देर शाम तक जारी रही। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्टॉक और डिजिटल रिकॉर्ड का मिलान किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद ही टैक्स चोरी या अन्य अनियमितताओं के वास्तविक आंकड़े सामने आएंगे।

# हादसाः इंदौर-भोपाल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्राला पलटा, राजस्थान के युवक की दबने से मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



इंदौर-भोपाल हाईवे पर तड़के गंभीर हादसा हो गया। सुबह करीब 5-6 बजे थाना जावर क्षेत्र अंतर्गत पटेल ढाबे के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब सीमेंट से भरा एक भारी भरकम ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्राले का पूरा वजन केबिन पर आ गिरा और चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्राला अत्यधिक रफ्तार में था। अचानक सडक़ किनारे मिट्टी धंसने से चालक का संतुलन बिगड़ गया, इससे पहले कि वह वाहन को संभाल पाता, ट्राला पलट गया। पलटते ही सीमेंट के बोरी केबिन पर आ गिरी। केबिन बुरी तरह पिचक गया और चालक उसमें फंसकर रह गया। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ढाबों और राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**क्रेन की मदद से किया सीधा**

सूचना मिलते ही थाना जावर पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन ट्राले में भरा सीमेंट और वाहन का वजन इतना ज्यादा था कि चालक तक पहुंचना आसान नहीं था। क्रेन की मदद से ट्राले को सीधा किया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चालक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

**परिवार का इकलौता सहाराः** मृतक की पहचान गोविंद राम पिता पाचूए उम्र करीब 25 से 30 वर्ष निवासी ग्राम सटालिया थाना मैसूदा जिला ब्यावर राजस्थान के रूप में हुई है।

गोविंद राम जैसलमेर से इंदौर की ओर सीमेंट लेकर जा रहा था। वह परिवार का इकलौता सहारा बताया जा रहा है। मौत की खबर जैसे ही राजस्थान स्थित गांव पहुंची, पूरे गांव में मातम छा गया। हादसे के चलते इंदौर-भोपाल हाईवे पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा।

**मिट्टी धंसने से हुआ हादसा**

एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और सड़क किनारे मिट्टी धंसना हादसे की मुख्य वजह सामने आई है। वहीं थाना प्रभारी नीता देअरवाल ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।